आज का दिन
इंजीनियर्स डे आज
1967. भारतरत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्मदिन को इंजीनियर्स डे के रूप में मनाया जाता है। इस दिन की शुरुआत 1967 से हुई।

कुल पेज 16, मूल्य ₹ 5.00
वर्ष 8, अंक 348, महानगर

सच्ची बात, बेधड़क
दैनिक भास्कर
आज नो निगेटिव अखबार

पितृवाणी
श्राद्ध हमें यह याद दिलाते हैं कि जो चला गया, वह हमारी आत्मा में हमेशा जीवित है।

झुंझुनूं, राजस्थान, सोमवार, 15 सितंबर, 2025 | आश्विन, कृष्ण पक्ष-9, 2082 | 12 राज्य | 61 संस्करण

तीन दिवसीय उज्ज्वल राजस्थान 2.0 में सीरी में विकसित प्रौद्योगिकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

भास्कर न्यूज | पिलानी

उदयपुर में आयोजित तीन दिवसीय उज्ज्वल राजस्थान 2.0 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी में सीएसआईआर-सीरी पिलानी द्वारा विकसित तकनीकों पर आधारित मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे।

पिलानी. प्रदर्शनी में सीरी के मॉडलों का अवलोकन करते स्टूडेंट्स।

प्रदर्शनी में सीरी की ओर से जीवन स्तर में सुधार, स्वास्थ्य सेवाओं में नवाचार, जल सुरक्षा, ऊर्जा दक्षता तथा कौशल विकास जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में विकसित की गई प्रोद्योगिकियों का प्रदर्शन किया गया। इनमें दूध की जांच के लिए काम आने वाला पोर्टेबल डिवाइस क्षीर स्कैनर, पानी की गुणवत्ता को मापने वाला जल गुणवत्ता मापन किट, जल उपचार तथा औद्योगिक प्रक्रियाओं में पीएच स्तर की निरंतर निगरानी एवं गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया पीएच ट्रांसमीटर,रोग निदान में उपयोगी और तेज व किफायती रीयल टाइम डीएनए प्रवर्धन मशीन फ्लुओरो पीसीआर, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की प्रारंभिक पहचान में सहायता प्रदान करने वाला मेडिकल इमेजिंग उपकरण है कोल्पोस्कोप, स्वास्थ्य निगरानी व पहनने योग्य तकनीक के क्षेत्र में नवाचार स्मार्ट वॉच प्रमुख हैं। इस विज्ञान अधिवेशन में संस्थान का प्रतिनिधित्व प्रधान वैज्ञानिक डॉ. विजय चटर्जी, अभय पीपलवा और जय प्रमाणी ने किया।